तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 पुलिस ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और ...

13 किसानों की समस्याओं को लेकर माकड़ी में कांग्रेस...




## खबर संक्षेप

### वेतनमान को लेकर फेडरेशन ने रखी मांग

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी तथा जिलाध्यक्ष बस्तर डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने जारी बयान में बताया कि क्रमोन्नति योजनाओं का वित्त विभाग के प्रचलित समयमान वेतनमान में समाहित करने 9 जून को सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश औचित्यपूर्ण नहीं है। उन्होंने बताया कि शासकीय कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति योजना मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवा में प्रथम नियमित नियुक्ति से एक ही वेतनमान में 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने की स्थिति में क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया था। 19 अप्रैल 1999 से प्रभावशील था। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 24 अप्रैल 2006 के द्वारा शिक्षक संवर्ग सहायक शिक्षक वेतनमान स्वीकृत हुआ था। यदि सहायक शिक्षक क्रमोन्नति योजना का विकल्प लेता है तो उसे अन्य शासकीय सेवक के समान तृतीय उच्चतर वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा। यदि समयमान योजना का विकल्प लेता है तो उसे स्वीकृत नहीं होगा । फेडरेशन ने सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत होने के पश्चात ही विकल्प लेने अंतिम तिथि में वृद्धि करने की मांग मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव स्कूल शिक्षा से की है।



### नेता प्रतिपक्ष का 3 दिन का प्रवास, आज आएंगे

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत 3 दिन के बस्तर प्रवास पर बुधवार की रात जगदलपुर पहुंचेंगे। शाम 4 बजे कांकेर से रवाना होकर रात्रि 8 बजे विधायक लखेश्वर बघेल के निवास में सौजन्य भेंट करेंगे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद 2 जुलाई को प्रातः 10 बजे दंतेवाड़ा के लिए रवाना होंगे। 11:30 बजे दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी देवी दर्शन के पश्चात बीजापुर जिले के भैरमगढ़ रवाना होंगे। जहां विधायक निवास में सौजन्य भेंट के बाद दोपहर 3 बजे बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा के लिए रवाना होंगे। शाम 5 बजे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निवास में सौजन्य भेंट के बाद जगदलपुर रवाना होंगे। रात्रि विश्राम के बाद 3 जुलाई को कोंडागांव के लिए प्रस्थान करेंगे।



### आईजी का पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मान



जगदलपुर। बस्तर संभाग में नक्सल विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पी. सुंदरराज को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी पूर्वी मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंत्री राजा यादव, सहायक कोषाध्यक्ष रितेश सोनी, मीडिया प्रभारी शैलेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# महिला आयोग की सुकमा में सख्ती, दो जवानों पर एफआईआर के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई में मंगलवार को कई गंभीर मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने दो अलग-अलग मामलों में शासकीय सेवक जवानों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश डीएसपी सुकमा को दिए। वहीं एक अन्य मामले में सीआरपीएफ जवान की सेवा समाप्ति की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 21 प्रकरणों की सुनवाई हुई। आयोग ने महिलाओं के साथ धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण, दूसरी शादी, भरण-पोषण और सरकारी कर्मचारियों के दुराचार से जुड़े मामलों में कड़ी टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि महिलाओं के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका शोरी, तेजस्वी मंडावी मौजूद थी। सबसे गंभीर ⏭ शेष पेज 13 पर

## महिलाओं के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगाः आयोग

### राशि वापस नहीं करने पर सेवा होगी समाप्त

दूसरे मामले में 13वीं बटालियन के एक जवान द्वारा महिला से 1.50 लाख रुपये लेकर वापस नहीं करने का मामला सामने आया। आयोग ने इसे महिलाओं के साथ धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण का मामला मानते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर पूरी राशि वापस नहीं की गई तो सेवा समाप्ति की अनुशंसा के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



### महिलाओं के हित में सख्त संदेश

जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने स्पष्ट किया कि सरकारी सेवा में रहते हुए महिलाओं का शोषण, दूसरी शादी, धोखाधड़ी या भरण-पोषण से बचने जैसे मामलों में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ न केवल आपराधिक कार्रवाई होगी बल्कि आवश्यक होने पर सेवा समाप्ति की अनुशंसा भी की जाएगी। आयोग की इस कार्रवाई को महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### फॉरेस्ट टीम पर मारपीट के आरोप

*सेंदूरगुड़ा गांव में वन विभाग की उड़नदस्ता टीम पर महिलाओं के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार के आरोपों को भी आयोग ने गंभीरता से लिया। पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी डीएफओ सुकमा को सौंपी गई है। विशेष रूप से गोलापल्ली रेंजर के खिलाफ लगे आरोपों की एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को रायपुर में होगी।*

## कार्यक्रम : मोटे अनाज से किसानों के आय बढ़ाने का बड़ा अवसर : मिश्रा

# किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना अत्यंत आवश्यक : दिनेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सहकारी सप्ताह में विकास समिति की भूमिका पर विचार विमर्श



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के सभा कक्ष में जिला सहकारी विकास समिति का महत्व एवं सदस्यों की आय बढ़ाने में एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका विषय पर परिचर्चा एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं वृहत्ताकार बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के मध्य समन्वय स्थापित कर कृषकों की आय वृद्धि, कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन तथा सहकारिता आधारित समग्र ग्रामीण विकास की संभावनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने जिला सहकारी विकास समिति की भूमिका, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सहकारिता की विभिन्न संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसान उत्पादक संगठन एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियाँ किसानों को संगठित कर सामूहिक क्रय-विक्रय, प्रसंस्करण, भंडारण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन की मजबूत व्यवस्था विकसित कर सकती हैं, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने सभी प्राधिकृत अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, सहकारी योजनाओं एवं एफपीओ गतिविधियों से जोड़ने के लिए सक्रिय पहल करने का आह्वान किया।

बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने एफपीओ के माध्यम से कृषि नवाचार, मिलेट्स आधारित खेती और मूल्य संवर्धन के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आज मोटे अनाज (मिलेट्स) की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मांग किसानों के लिए आय बढ़ाने का बड़ा अवसर है। उन्होंने परंपरागत कृषि ज्ञान को संरक्षित रखने के साथ-साथ जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग पर बल ⏭ शेष पेज 13 पर

### बहुफसलीय कृषि प्रणाली पर ध्यान दें किसान

लैम्प्स के प्राधिकृत अधिकारी योगेश ठाकुर ने कहा कि किसानों को केवल धान उत्पादन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मौसम आधारित बहुफसलीय कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने दलहन, तिलहन, मिलेट्स, सब्जी एवं बागवानी जैसी विविध फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि किसानों को वर्षभर आय के विभिन्न स्रोत उपलब्ध हो सकें और कृषि अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बन सके।

### किसानों की आय में वृद्धि पर सभी सहमत

परिचर्चा के दौरान उपस्थित प्राधिकृत अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। सभी ने एकमत होकर कहा कि यदि सहकारी संस्थाएँ, एफपीओ एवं पैक्स समन्वित रूप से कार्य करें और किसानों को आधुनिक तकनीक, जैविक कृषि, मूल्य संवर्धन एवं बेहतर विपणन व्यवस्था से जोड़ा जाए, तो किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा और गति मिल सकती है।

# मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 50 हजार जबरन आनलाइन ट्रांजेक्शन का लगाया आरोप
- 10 लोगों ने दुकान में घुसकर



तोकापाल ब्लॉक के ग्राम मावलीभाटा में स्थित अविनाश मेडिकल स्टोर में जबरन प्रवेश कर 21 जून को दोपहर 2 बजे संचालक श्रीनिवास पाल से 10 लोगों ने मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट आ ड़ा वा ल निवासी ने बोधघाट थाने में 29 जून को दर्ज करवाई है। उन्होंने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले 10 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट किया है। मारपीट के अलावा 50 हजार रुपए जबरन पत्र लिखाकर बार कोड के माध्यम से ऑनलाइन उमेश बैस के खाते में ट्रांसफर करने का आरोप भी मेडिकल संचालक ने लगाया है। उन्होंने मारपीट और रकम जबरन उगाही करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि घटना दिवस को अपने मेडिकल स्टोर में बैठा था। उस दौरान पंचायत सचिव नरेंद्र कर्मा निवासी डिलमिली, अर्जुन कर्मा बुरूंगपाल, आयतु मंडावी पूर्व सरपंच डिलमिली, बोंगो दादा सरपंच पति मावलीभाटा, आयतु कश्यप डिलमिली, बलदेव मंडावी छोटे गुडरा, हिरमो वेट्टी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोडरेपाल निवासी बुरूंगपाल, पाकूल गुरूजी बुरूंगपाल, बुधराम सोरी पूर्व सरपंच डिलमिली तथा राम धुरव बुरूंगपाल ने बेदम ⏭ शेष पेज 13 पर

### सरकारी सेवक भी शामिल

अपनी रिपोर्ट में मेडिकल स्टोर संचालक ने दो शासकीय कर्मियों के भी अपराध में शामिल होने की बात कही है। वहीं ऑनलाइन डिजिटल कॉमन सर्विस सेंटर में राशि भेजने के लिए दंतेश्वरी ऑनलाइन के खाते में भेजे गए 50 हजार की राशि पर उमेश बैस का लाइसेंस रद्द करने की मांग भी की है। उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, कलेक्टर एसपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# नशा नाश की जड़, युवाओं को नशे से दूर रहने की आवश्यकता : जयदेव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- दंतेवाड़ा में क्षत्रिय समाज की बैठक में बस्तर विकास में एकजुटता पर सभी हुए सहमत

सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य कुमार जयदेव ने कहा कि बस्तर विकास के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। नशा, नाश की जड़ है इसलिए युवाओं को नशा से दूर रहने की आवश्यकता है। दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान कुमार जयदेव सर्किट हाऊस में बस्तर धान क्षत्रिय समाज की बैठक में यह बात कही। उन्होंने समाज की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रम के अलावा समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने को लेकर निर्देश दिए। वहीं समाज के लोगों ने एकजुटता के साथ समाज को संगठित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जशपुर राजघराने के राजा प्रबल प्रताप जुदेव की कुमार जयदेव की मुलाकात हुई। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संभाग अध्यक्ष योगेश ठाकुर, संरक्षक सिकन्दर ठाकुर, बस्तर धाकड़ समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, हितेंद्र ठाकुर, शंकर सिंह ठाकुर शामिल थे। बस्तर धाकड़ ⏭ शेष पेज 13 पर

# बस्तर में सुंदरराज का 14 वर्षों का योगदान सराहनीय : पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महापौर एवं भाजपा पार्षद दल ने स्मृति चिन्ह देकर आईजी का किया सम्मान

भाजपा पार्षद दल ने महापौर संजय पांडे के साथ पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पी. सुंदरराज को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर ने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पदों में 14 वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा। जिसमें समर्पण, साहस और कुशल नेतृत्व के साथ कार्य पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। नक्सल विरोधी अभियानों के साथ-साथ उन्होंने आम नागरिकों और पुलिस के ⏭ शेष पेज 13 पर

# धूप-छांव के खेल के बाद बरसे बदरा शहर में शाम ढलते ही झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 3 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में बनेगा कम दबाव का क्षेत्र

जगदलपुर। शहर में मौसम का उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। मंगलवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे लोग बारिश की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन पानी नहीं बरसा। दोपहर होते-होते अचानक मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई।

हालांकि, शाम लगभग साढ़े चार बजे मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट ली। देखते ही देखते आसमान में काले-घने बादलों का डेरा जमा हो गया और कड़कड़ाती गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। तेज रफ्तार से शुरू हुई यह मानसूनी बारिश देर शाम तक रुक-रुक कर अनवरत चलती ⏭ शेष पेज 13 पर



### सड़कों में भरा पानी राहगीर परेशान

अचानक हुई इस मूसलाधार बारिश ने नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी। शहर की निचली बस्तियों और कई मुख्य मार्गों पर देखते ही देखते पानी भर गया जिसके कारण राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# नवप्रवेशी और पहली के बच्चों के जाति प्रमाणपत्र पहले बनाएं : कलेक्टर छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- अब हर महीने अधिकारी करेंगे स्कूलों का निरीक्षण
- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्कूलों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेषकर नव प्रवेशी बच्चे और कक्षा पहली के बच्चों को प्राथमिकता देते हुए स्कूलवार, कक्षावार एवं श्रेणीवार जानकारी तैयार कर कार्रवाई करने कहा। इस कार्य के लिए प्रत्येक स्कूल में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल जतन योजना, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों का नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व दिया जाएगा जो प्रत्येक माह के एक शनिवार को स्कूल की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने और योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में पेंशन योजनाओं, छात्रवृत्ति, राजस्व प्रकरणों के लंबित मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, राजस्व शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, वृद्धावस्था सामाजिक पेंशन, श्रमिक ⏭ शेष पेज 13 पर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

आंखें अनमोल है इनकी जांच नियमित करायें

स्पष्ट दृष्टि बेहतर जीवन !

बस्तर संभाग का प्रथम
सुपरस्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल

## जे. के. नेत्र चिकित्सालय एवं रेटिना केयर

ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL

अब तक 50 हजार से अधिक स्कूली बच्चों का नि:शुल्क नेत्र जांच

**चश्में से आजादी**
छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ लेसिक मशीन
From BLUR VISION TO Clear VISION in 15 MINUTES

**उपलब्ध चिकित्सा**
मोतियाबिंद (Cataract)
ऑपरेशन (Phaco) मशीन द्वारा
लेजर (Laser Green and YAG) द्वारा इलाज
आँखों की CT Scan & B-Scan
आँखों की चोट (Trauma) सर्जरी



**डॉ. अक्षय डी.पाराशर**
नेत्र विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.एम.आर., एफ.आई.पी.एस. (पूणे)
फेको सर्जन एवं रेटिना विशेषज्ञ

**क्या आप आँखों की निम्न समस्याओं से पीड़ित है ?**

- आँखों से धुंधला दिखाई देना
- काले धब्बे नजर आना
- शुगर/बी.पी. की वजह से आँख की समस्या
- आँखों में तथा सर दर्द होना
- आँखें लाल होना तथा पानी आना
- बल्ब के चारों ओर लाइट का घेरा दिखाई देना

**तो आज ही मिलें**



हैदराबाद व चेन्नई जैसी आँखों की जांच व उपचार अब जगदलपुर में उपलब्ध

गीदम रोड, जगदलपुर, मोबाइलः 8305428763, 8770592916

---

# बस्तर संभाग में दन्त चिकित्सा की प्रथम स्पेशिएलिटी सुविधा

**डॉ. प्रतीक लागू**
बी.डी.एस., एम.डी.एस (आर्थोडान्टिक्स)
(Bangalore) (Gold Medalist)

Orthodontic and Cosmetic dental care centre

NATIONAL DOCTOR'S DAY 1st JULY

DENTAL LASER TREATMENT
DENTAL IMPLANTS




**मुख्य सुविधाएं -**
1. टेढ़े मेढ़े दांतों का उपचार
2. अधिक बाहर निकले हुए दांतों का उपचार
3. स्माईल डिजाईनिंग
4. दांतों के बीज गैप का उपचार
5. चेहरे का विकास सुधारना
6. कटे-फटे होंठों का उपचार

**अन्य सुविधाएं-**
1. दांतों की जड़ों का उपचार, फिक्सड दांत/कैंपिंग
2. दांत निकालना, कृत्रिम बत्तीसी
3. आधुनिक कॉस्मेटिक डेन्टल फिलिंग,
4. दांतों की सफाई, दांतों का ब्लीच, डिजिटल एक्स-रे
5. डेंटल कैमरा, डेंटल इम्प्लांट, डेंटल ज्वेलरी
6. दांतों की अन्य सभी समस्याओं का उपचार

**समयः**
प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
एवं संध्या 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक


## लागू डेन्टल स्पेशिएलिटी क्लीनिक
लागू नर्सिंग होम के अंदर, चित्रकोट रोड, राउतपारा, जगदलपुर फोन : 7489056893

---

# MANORAMA NURSING HOME
Anupama Talkies Road, Jagdalpur, Bastar, Ph- 7898745820

**Dr. JYOTI LAGOO**
M.B.B.S.,MD (OB&G)
Gynaecologist & Laparoscopic Surgeon
Reg. C.G.M.C. 1188/2007

**Dr. ARPITA LAGOO**
M.B.B.A.S., D.N.B.
Gynaecologist (Gold Medalist)
Reg.C.G.M.C. 2570/2009





**उपलब्ध सुविधाएं**
प्रसव सामान्य एवं जटिल, अल्ट्रा सोनोग्राफी, 3D/4D कलर डॉप्लर,एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी- हिस्टरोक्टोमी, ओवेरियन सिस्ट, बच्चेदानी से संबंधित समस्त ऑपरेशन, बांझपन : डायग्नोस्टिक लेप्रोस्कोपी एवं हिस्टेरोस्कोपी द्वारा विशेष जांच एवं उपचार तथा नि:संतान दम्पत्तियों के लिए चिकित्सा IUI ,
नसबंदी :- टी.टी.वी.टी. लेप्रोस्कोपिक टी.टी. कॉल्पोस्कोपी
(बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच)

---

धरती पर भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाले सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

## KEEP YOURSELF BEAUTIFUL



## KEEP YOURSELF HEALTHY



- ब्राईडल ग्लो उपचार
- बालों के झड़ने का उपचार
- एंटी-एजिंग उपचार
- चेहरे की चमक एवं कायाकल्प
- लेजर हेयर रिडक्शन
- स्किन और बॉडी पॉलिशिंग

- स्किन और हेयर केयर
- बोटोक्स और डर्मल फिलर्स
- फोटो फेशियल
- मुँहासे और दाग-धब्बों का इलाज

- पिगमेंटेशन
- डी-टैनिंग

**दंत चिकित्सा एवं त्वचा सम्बंधित उपचार**



**व्यापक उपचार कई विशेषताओं में उपलब्ध हैं, जिनमें शामिल हैं:**

अस्थि रोग (Orthopedics) | हृदय रोग देखभाल (Cardiac Care) | कान, नाक एवं गला (ENT) | स्त्री रोग एवं प्रसूति



## सुप्रा पॉलीक्लिनिक
गायत्री मंदिर के सामने, धरमपुरा रोड, जगदलपुर, मोबाइल- 9993558888
रविवार को क्लिनिक खुला रहेगा


जीवेत शरदः शतम्
सदैव जनसेवा के लिए समर्पित
बस्तर माटी पुत्र एवं चित्रकोट
विधानसभा के माननीय विधायक
श्री. विनायक गोयल जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनायें
मान. श्री विनायक गोयल
विधायक चित्रकोट
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करोड़ो के विकास कार्य
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समग्र विकास योजना के कार्य
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचनात्मक कार्य
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्टॉपडेमों का निर्माण
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई किमी. सड़क निर्माण
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्कूल भवनों का निर्माण
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सघन जनसंपर्क अभियान
विनीत- चित्रकोट विधानसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# मां बनने का अनमोल अहसास

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विगत 12 वर्षों में 1700 से अधिक दम्पत्तियों ने पाया संतान सुख

## नि:शुल्क परामर्श

01 जुलाई से 15 जुलाई 2026

परामर्श हेतु कौन दम्पति संपर्क कर सकते है?

- बंद ट्यूब (Falloplan Tubes)
- पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना
- शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
- अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD)
- चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis) ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst)
- बच्चेदानी में गांठ (Fibroid), बच्चेदानी में दीवार (Septum)
- माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना
- महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी
- बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic)
- पहले टेस्ट्यूब असफल होना
- दो-तीन बारवार असफल होना
- सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना

नि:संतानता को संकोच नहीं, सही जांच की है जरूरत



डॉ. श्रीमती एस. बंसल

MBBS, MD (O/G), Director IVF Center

वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, लैप्रोस्कोपिक सर्जन

Dr.Mamta Bansal D.N.B., M.D.N D.G.O. | Dr.Alpana Bansal M.B.B.S.,D.G.O., M.D.

बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

# डॉ. बंसल नर्सिंग होम

नि:संतान दंपत्तियों के लिए एक विश्वसनीय सेंटर

बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर), फोन- 07782-224020 (क्लीनिक)

For Registration Call: 9425258201

सुलभतम पैकेज में अधिकतम सफलता

पैकेज ₹85000 से शुरू

नि:शुल्क परामर्श हेतु आज ही कॉल करें



बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं

# एडवांस आई केयर सेन्टर

अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय

लेजर एवं फेको

# नेत्र चिकित्सालय

बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, फोन- 07782 223589, 9425590111

Happy Doctors Day



## सुविधाएं

**फेको सर्जरी**
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)

**ग्रीन लेजर**
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)

**फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी**
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा

**यॉग लेजर**
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज

**नेत्र परीक्षण**
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा

**कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण**
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण

**साइनेप्टोफोर**
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज

**सोनोग्राफी**
बी. स्केन. कलर डापलर

**कॉन्टेक्ट लैंस**
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस

आँखों की देखभाल जीवन भर का उपहार

## डॉ. मनीष बंसल

M.S (Ophthalmology)

नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन

रजि. नं.- CGMC 9715/2020

पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल

- अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच
- मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
- रैटिना (पर्द) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
- Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
- Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
- कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
- कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
- B-Scan (कलर डापलर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा

बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर, बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882



प्रत्येक प्रकार के आवश्यक रक्त, मल, मूत्र परीक्षण का आपका विश्वसनीय संस्थान

अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा टेस्ट की सुविधा




समय- प्रातः 8:30 से रात्रि 8:30 (प्रतिदिन)
रविवार- 8:30 से 2:00






Happy Doctors Day



## विशेष सुविधाएं:

- थायराइड हार्मोस T3,T4,Tsh (प्रतिदिन)
- टाक्सोप्लाज्मा, टार्च टेस्ट (प्रतिदिन)
- C.B.C.(प्रतिदिन) - QUANTITIVE
- Q.B.C. MP: फ्लुरोसेन्ट माइक्रोस्कोपी द्वारा मलेरिया परीक्षण (on demand)
- P.S.A. IgE, ASO, Cardiac Markers: (प्रतिदिन)
- RAF/CRP (प्रतिदिन) FSH, LH, Protactin

The result of every test: Confidence, reassurance, clarity

**DR. HEMANT KUMAR**
PATHOLOGY LABORATORY
MBBS, D.C.P. (PATH & BACT)
JAGDALPUR
Call: 9147764991/8422801801

IT'S GOOD TO BE SURE

अब और अधिक विश्वसनीयता के साथ

# डॉ. हेमन्त कुमार

कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब

अजय इंटरप्राइजेस के बाजू में, बालाजी वार्ड, जगदलपुर. 07782 796175

**खबर संक्षेप**

## डाकघर कार्यालय में पेंशन अदालत 7 को

**जगदलपुर।** अगले सप्ताह 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे से अधीक्षक डाकघर कार्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डाकघर से सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी जिन्हें पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन प्राप्त हो रही है। उनकी समस्या के निपटान की कार्रवाई की जाएगी। जिन पेंशनधारी प्रधान डाकघर जगदलपुर एवं कांकेर में 6 जुलाई तक पेंशन अदालत में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों पर करें कार्रवाई



**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्योर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। सीईओ ने बस्तर मुन्ने अभियान के तहत हितग्राहियों की जानकारी समय पर पोर्टल में दर्ज करने तथा जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों से शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

## परिजनों को मिली 50 हजार की अनुग्रह सहायता

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय प्राशा सराधुघमरे में पदस्थ दिवंगत प्रधान पाठक आनंद राम जाड़े के आकस्मिक निधन के बाद शासन द्वारा स्वीकृत 50 हजार की अनुग्रह सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई।

# पुलिस ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस परिवार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित कर विभाग में दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां साथियों ने वर्षों तक निभाए गए उनके कर्तव्य, समर्पण और सेवाभाव को याद किया। समारोह में पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने सेवानिवृत्त उप निरीक्षक धीरेन्द्र ठाकुर, उप निरीक्षक केजूराम कुमेटी तथा प्रधान आरक्षक ग्रेगोरी केरकेट्टा को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति–चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## पुलिस अधीक्षक चंद्रा ने शॉल, श्रीफल और स्मृति–चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

### सेवानिवृत्त अधिकारियों ने साझा किए अनुभव

विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने विभाग और सहकर्मियों से मिले सहयोग एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथियों के साथ बिताए गए वर्षों को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।



### ये रहे उपस्थित

विदाई समारोह में पुलिस कार्यालय सहित जिले की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल और सुखद भविष्य की कामना की।

### *पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, राष्ट्र सेवा का है संकल्प*

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य कर विभाग की गरिमा को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों का अनुभव, कार्यशैली और सेवा भावना आने वाली पीढ़ी के पुलिसकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।*

साथ ही उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर माकड़ी में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, चक्काजाम भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को माकड़ी में विशाल धरना–प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार माकड़ी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

■ **खाद संकट, बिजली कटौती, केसीसी ऋण, वन अधिकार और स्मार्ट मीटर सहित कई मुद्दों पर सरकार को घेरा**

धरना–प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश का किसान आज खाद, बिजली और ऋण जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय में किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने किसानों के साथ सड़क पर उतरकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से सहकारी समितियों लैम्पस में पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध कराना। यूरिया एवं डीएपी की कालाबाज़ारी पर प्रभावी रोक लगाना। किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी ऋण तीन दिनों के भीतर स्वी—त एवं वितरित करना। स्वीकृत ऋण राशि किसानों को एकमुश्त उपलब्ध कराना। वन अधिकार पट्टाधारकों एवं वर्षों से वन भूमि पर काबिज पात्र किसानों को न्याय दिलाना। बढ़ी हुई विद्युत दरें वापस लेना। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती बंद करना। किसानों एवं आम उपभोक्ताओं पर बिना सहमति स्मार्ट एवं डिजिटल मीटर लगाने की कार्रवाई रोकना। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा जिला एवं राज्य स्तर पर बड़े जनआंदोलन का आयोजन किया जाएगा।

### खाद के लिए भटक रहे किसान, खुले बाजार में हो रही कालाबाज़ारी

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि किसान इन दिनों खाद के लिए दर–दर भटक रहे हैं। सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है, जबकि खुले बाजार में यूरिया और डीएपी की कालाबाज़ारी हो रही है। किसानों को समय पर केसीसी ऋण नहीं मिल रहा, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से सिंचाई और खेती के कार्य बाधित हो रहे हैं। यदि सरकार ने समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

### किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी के अध्यक्ष गौतम कुमार साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की जायज़ मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ब्लॉक स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला महामंत्री हेमलाल वट्टी, हेमलाल बघेल, मंडल अध्यक्ष बुधराम सागर, मानकू नेताम, लखु पोयाम, ब्रह्मा मरकाम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि गजेन्द्र राठौर, मनीराम मरकाम, रूपेंद्र पोयाम, कुलदीप नेताम, भिंगू कश्यप, शंकर नेताम, बीरसिंग नेताम, दुर्योधन ध्रुव, बुधराम नेताम, आकाश महाजन, गोकुल प्रधान, दलपत नेताम, राजकुमार बघेल, सुलोचना नेताम, सुकमन नेताम, बसमन नेताम, श्रीराम नेताम, भागीरथी उरांव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# कोदोभाट में प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्रामसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों के चयन हेतु ग्राम कोदोभाट, ग्राम पंचायत कोदोभाट, थाना केशकाल में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

■ 100 से अधिक ग्रामीणों ने लिया भाग

सरपंच कृति सिन्हा एवं पंचायत सचिव लोकेश्वरी पांडे की उपस्थिति में आयोजित बैठक में 100 से अधिक ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2011 की एसईसीसी सूची एवं नवीन सर्वे के आधार पर पात्र-अपात्र परिवारों की सूची का वाचन किया गया।

ग्राम सभा में कच्चे/जर्जर मकानों में निवासरत, भूमिहीन मजदूर, विधवा एवं दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता देते हुए नाम तय किए गए। जिन पात्र ग्रामीणों के नाम सूची से छूट गए थे, उन्होंने मौके पर ही दावा-आपत्ति प्रस्तुत की। सभी दावों को ग्राम सभा प्रस्ताव रजिस्टर में दर्ज कर अनुमोदन हेतु जनपद पंचायत कोंडागांव भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### हर पात्र परिवार को पक्का आवास

सरपंच कृति सिन्हा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, शासन की मंशानुसार 2027 तक हर पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जा रही है। पीएम आवास योजना पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति नाम जोड़ने के लिए पैसे की मांग करता है तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं।

## ब्राह्मण समाज ने उठाई न्याय की मांग, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** बिहार में भरत तिवारी की हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज भानुप्रतापपुर ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की और साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने की मांग भी की गई।

## पेज 9 के शेष

### महिला आयोग की सुकमा...

मामले में सीआरपीएफ के एक आरक्षक पर शादी का झांसा देकर छह वर्षों तक महिला का शारीरिक शोषण करने तथा बाद में दूसरी शादी कर लेने का मामला सामने आया। महिला की 10 माह की बच्ची को भी जवान ने स्वीकार किया। आयोग ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए डीएसपी सुकमा को एफआईआर दर्ज कराने की अनुशंसा की है। संबंधित सीआरपीएफ बटालियन को उसकी सेवा समाप्त करने की अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया।

**सुनवाई में हुआ समझौता, महिला को मिले 5 लाख:** एक अन्य प्रकरण में आयोग की मध्यस्थता से पीड़ित महिला को 5 लाख रुपये एकमुश्त नकद दिलाया गया, जिससे लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हुआ।

**भरण-पोषण के आदेश:** दो अलग-अलग मामलों में आयोग ने पतियों को अपनी पत्नियों के भरण-पोषण के लिए 8 हजार रुपये और 15 हजार रुपये प्रतिमाह देने के निर्देश दिए। राशि हर माह निर्धारित तिथि तक महिला के खाते में जमा करनी होगी।

### किसानों को अधिकतम लाभ ...

दिया और कहा कि वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान अधिक उत्पादक और लाभकारी खेती की ओर बढ़ सकते हैं। उनका कहना था कि जैविक एवं वैज्ञानिक कृषि का संतुलित समन्वय ही भविष्य की टिकाऊ और समृद्ध कृषि व्यवस्था का आधार बनेगा। उन्होंने अधिकारियों से अपने-अपने समिति क्षेत्रों में किसानों को जैविक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों, मिलेट्स उत्पादन एवं एफपीओ गतिविधियों से जोड़ने हेतु सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक पाण्डे ने किया।

### मेडिकल स्टोर संचालक...

पिटाई की। साथ ही बंधक बनाकर वाहन में जबरन बिठाकर थाना कोड़ेनार ले जाया गया। प्रार्थी श्रीनिवास पाल ने कहा कि थाना में मेरी बातों को नहीं सुना गया। उन्होंने सत्यता की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है। प्रार्थी ने कहा कि सामूहिक रूप से दुकान में आकर मारपीट और उगाही करना अपराध है। उन्होंने बोधघाट थाना पुलिस से सभी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### नशा नाश की जड़...

क्षत्रिय समाज युवा वर्ग से विक्रम सिंह ठाकुर, प्रेमसागर ठाकुर, रूद्र प्रताप ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, प्रकाश रावल, मनोज जंगम , गौरव और धीरज ठाकुर ने शोभायात्रा में हिस्सा लिया। बंजारा समाज, कलार समाज, यादव समाज समेत विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने भी कुमार जयदेव से मुलाकात की। सभी ने मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंच दर्शन किए और बस्तरवासियों की खुशहाली की कामना की।

### बस्तर में सुंदरराज का...

बीच विश्वास का मजबूत वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में इंस्पेक्टर जनरल के रूप में उनकी नियुक्ति बस्तर के लिए गौरव का विषय है। हमें विश्वास है कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का भी पूरी निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ निर्वहन करेंगे। इस दौरान सभी ने बस्तर में उनके लंबे कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उनके साथ बिताए अनुभवों और यादों को साझा करते आत्मीय चर्चा की। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, पार्षद उमा मिश्रा, पारूल बोथरा, आशा साहू, बंसती समरथ, उर्मिला यादव, रोशन सिसोदिया, गिरिजा गुप्ता, गायत्री बघेल, नेहा ध्रुव तोड़ेम, राजपाल कसेर, शशिनाथ पाठक, पंकज आचार्य एवं सूरज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### धूप-छांव के खेल के...

रही, जिसने मौसम को पूरी तरह ठंडा और खुशनुमा बना दिया।

**ग्रामीण अंचलों में खुशी, रोपाई कार्य में आई तेजी:** शहर में जहां इस बारिश से थोड़ी आफत आई, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों के किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। कृषि क्षेत्र के लिए यह बारिश संजीवनी बनकर बरसी है। खेतों में पर्याप्त पानी जमा होने की वजह से मैदानी इलाकों में धान की रोपाई के कार्यों में जबरदस्त तेजी आ गई है। किसान पूरी ताकत से खेती-किसानी के काम में जुट गए हैं।

**पखांजूर में रिकॉर्ड 7 सेमी बारिश:** बस्तर संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मानसूनी गतिविधियां बढ़ गई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान संभाग में एक-दो स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान जगदलपुर में अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पखांजूर में 7 सेमी, कोटा और दंतेवाड़ा में 4 सेमी, गीदम, सामरी और दोरनापाल में 3 सेमी, कुआकोंडा और कटेकल्याण में 2 सेमी दर्ज किया गया।

**खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय:** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय एक मौसमी द्रोणिका समुद्र तल पर पंजाब से लेकर बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से तक फैली हुई है। इसके साथ ही, बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से और बांग्लादेश के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इस मजबूत सिस्टम के प्रभाव से 3 जुलाई के आसपास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिससे बारिश की रफ्तार और बढ़ेगी।

**पूर्वानुमान और चेतावनी:** मौसम विभाग के अनुसार कल बस्तर संभाग के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, विभाग ने विशेष चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि कल एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात गिरने और भारी वर्षा हो सकती है, जिसे लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। आने वाले दो दिनों के बाद भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। आगामी 7 दिनों के भीतर पूरे संभाग में मौसम पूरी तरह सक्रिय रहेगा।

### नवप्रवेशी और पहली के...

कार्ड योजनाओं के लाभ वितरण की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक पेंशन का वितरण बैंक सखी के माध्यम से करवाने तथा अच्छा कार्य करने वाले लखपति दीदियों को सम्मानित करने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर यशवंत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

**बैठक में देरी से आने वाले अफसरों को नोटिस:** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागों से शासकीय कार्यों के लिए आवश्यक भूमि की जानकारी लेते हुए भूमि संबंधी कार्रवाई पर चर्चा की। उन्होंने पुराने शासकीय वाहनों को कंडम घोषित करवाने के साथ ही स्क्रेपिंग होने के बाद नए वाहनों की मांग शासन स्तर पर भेजने की समीक्षा की।



## जनदर्शन में 26 आवेदन मिले, सीईओ ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में माकड़ी निवासी ललेंद्र कुमार साहू ने राशन कार्ड, घोड़ागांव के सरपंच ने विद्युत समस्या तथा मुलमुला निवासी दिनेश देवांगन ने लंबित मजदूरी/कार्य भुगतान को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जुगानी कैम्प के किसानों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाकर आवागमन बहाल करने की मांग की। वहीं बिंजोली निवासी चनूलाल बघेल ने विद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति और एहरा निवासी फोहड़राम ने हैंडपंप स्थापना के लिए आवेदन दिया। सीईओ अविनाश भोई ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाजपा की डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म की हुई बैठक

**केशकाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की बैठक हुई। बैठक में संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा प्रशिक्षण को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय पोया ने मंडलों में डीएलपी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि डिजिटल युग में प्रत्येक कार्यकर्ता का तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो में कार्य शेष है, वहां इसे शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक प्रशिक्षण किया जाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यकर्ताओं को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से कार्यकर्ता संगठनात्मक कार्यों में अधिक दक्ष बन रहे हैं और डिजिटल माध्यम से सीधे प्रशिक्षण प्राप्त कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में सूचना एवं संचार तकनीक का महत्व बढ़ गया है। डीएलपी के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, अंत्योदय सिद्धांत, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज तक सही जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचा सकें।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संगठन को डिजिटल बनाने पर हुआ मंथन



**बस्तर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानपुरी की मंडल स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यशाला भाजपा कार्यालय भानपुरी में सम्पन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रामाश्रय सिंह ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। मंडल प्रभारी नरसिंह राव ने मंडल का परिचयात्मक सत्र लेकर संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार रखे।
कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष विजय पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य बृजेश शर्मा, वीरेंद्र जोशी, मंडल उपाध्यक्ष भास्कर जोशी, मंडल महामंत्री तुलसु राम कश्यप, खेमेश्वर पांडे, मंत्री रमेश दीवान, कांति कश्यप सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सीजरलाल दीवान, हरदेव बघेल, फकीर कश्यप, असगर खान, जागेश्वर ठाकुर, गणेश सेठिया, रमेश कश्यप, महेंद्र पनिग्राही, सुनील कश्यप, लछीन कश्यप, खुलेश्वर कश्यप, प्रताप कश्यप उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद सदस्य गौरव कश्यप, रायधर दीवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष जमुना कश्यप, महामंत्री फूलमती बंछोर, राधिका यादव, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी घनश्याम चौहान, सहित शक्ति केंद्रों के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 8 वर्ष में 20 हजार लोगों के आंखों का ऑपरेशन कर दी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

किसी अस्पताल की सफलता का मूल्यांकन केवल उसकी इमारत, उपकरणों या बजट से नहीं किया जा सकता। उसका वास्तविक मूल्यांकन

■ डॉ. सरिता थॉमस ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई

उस भरोसे से होता है, जो एक मरीज अपने इलाज के लिए वहां पहुंचते समय लेकर आता है। यह भरोसा वर्षों में बनता है और कभी-कभी एक व्यक्ति की प्रतिबद्धता उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचा देती है। बस्तर के महारानी अस्पताल की नेत्र चिकित्सा सेवाओं की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। अक्टूबर 2018 में जब डॉ. सरिता थॉमस ने यहां अपनी जिम्मेदारी संभाली, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले वर्षों में यह अस्पताल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। परिवर्तन किसी एक दिन में नहीं आया। वह धीरे-धीरे ऑपरेशन



थिएटर में, मरीजों की मुस्कान में, बढ़ते विश्वास में और बेहतर होते परिणामों में दिखाई देने लगा। आज 20 हजार से अधिक सफल नेत्र शल्य चिकित्सां केवल एक उपलब्धि नहीं हैं। डॉ. थॉमस की पहचान केवल उनके शल्य कौशल से नहीं बनती। उनके सहयोगी उन्हें अनुशासित प्रशासक, मरीज उन्हें संवेदनशील चिकित्सक और समाज उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में देखता है जिसने सेवा को अपने पेशे का मूल आधार बनाया। इसी योगदान के लिए उन्हें डॉ. सुभाष मिश्रा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। सरकारी क्षेत्र की महिला चिकित्सक के रूप में यह सम्मान प्राप्त करना उनके कार्य की गुणवत्ता और निरंतरता का महत्वपूर्ण प्रमाण है। शायद उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोई पदक नहीं है, सबसे बड़ा सम्मान एवं विश्वास है।

### गुणवत्ता को लक्ष्य नहीं आदत बना लिया

बताया जा रहा है कि सरकारी अस्पतालों के बारे में अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि वहां उत्कृष्टता अपवाद है, लेकिन महारानी अस्पताल ने इस सोच को चुनौती दी। डॉ. थॉमस के नेतृत्व में अस्पताल ने पहली बार ऐसे सम्मान अर्जित किए, जो पहले कभी उसकी झोली में नहीं आए थे। यह केवल पुरस्कारों की कहानी नहीं थी, यह उस कार्य संस्कृति की कहानी थी, जिसमें गुणवत्ता को लक्ष्य नहीं, आदत बना लिया गया। फिर दुनिया ने कोविड-19 का सबसे कठिन दौर देखा। अस्पतालों पर अभूतपूर्व दबाव था। अनेक स्थानों पर सामान्य चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो गईं। लेकिन बस्तर में एक निर्णय लिया गया, जिन मरीजों की दृष्टि बचाई जा सकती है, उनका इलाज रुकना नहीं चाहिए। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए नेत्र शल्य चिकित्सा जारी रही।

## 170 किलोमीटर दूर नक्सलमुक्त गांव पहुंचीं राज्य महिला आयोग सदस्य

# ग्रामीणों के बीच बैठकर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कभी दुर्दांत नक्सली कमांडरों के प्रभाव और नक्सली गतिविधियों के कारण भय का पर्याय रहा सुकमा जिले का ग्राम पंचायत पालाचलमा अब नक्सलमुक्त होकर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।
जिला मुख्यालय से लगभग 170 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ियों

■ बिजली का इंतजार, पुराने खंभे आज भी गवाह

के बीच बसे इस गांव में पहली बार राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अधिवक्ता दीपिका शोरी पहुंचीं। ग्रामीणों ने पारंपरिक लोकनृत्य, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय आराध्य देवी माता मुतेलम्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। दीपिका शोरी ने औपचारिक कार्यक्रम के



बजाय गांव के पुजारी, पेरमा, पटेल, सरपंच, पूर्व सरपंच, महिलाओं और युवाओं के साथ जमीन पर बैठकर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि आज के नक्सलमुक्त वातावरण और पहले के हालात में क्या अंतर महसूस होता है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले भय का माहौल था, जबकि अब वे खुलकर अपनी समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचा पा रहे हैं और यही वास्तविक आजादी का अनुभव है।
ग्रामीणों ने बताया कि आज भी उन्हें राशन लेने के लिए 9 किलोमीटर दूर किस्टाराम जाना पड़ता है। उन्होंने गांव में उचित मूल्य की दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्ष 2009 के आसपास नक्सलियों द्वारा आश्रमशाला, आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय भवनों को नुकसान पहुंचाया गया था, जिसके कारण आज भी सौ से अधिक बच्चों को दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है।
उन्होंने गांव में पुनः आश्रमशाला शुरू करने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि किस्टाराम से पालाचलमा मार्ग पर वर्षों पुराने बिजली के खंभे आज भी खड़े हैं, लेकिन गांव तक बिजली नहीं पहुंची है। ग्रामीण चाहते हैं कि उनके घरों में भी रोशनी पहुंचे और बच्चों को बेहतर माहौल में पढ़ाई का अवसर मिले।
398 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का सर्वे पूरा पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गांव के 398 पात्र हितग्राहियों का सर्वे पूरा हो चुका है। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद स्वीकृति जारी की जाएगी, जिससे पात्र परिवारों को पक्के आवास का लाभ मिल सकेगा। दौरे के दौरान दीपिका शोरी ने गांव में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विकास का दिलाया भरोसा

दीपिका शोरी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता नक्सलमुक्त क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता से किया जा रहा है तथा पालाचलमा जैसे गांवों को विकास के नए मॉडल के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। सामाजिक जागरूकता और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की अपील के साथ अपने संवाद के दौरान गांव में कुछ परिवारों के धर्म परिवर्तन की जानकारी मिलने पर उन्होंने ग्रामीणों से अपनी परंपरा, संस्कृति और सामाजिक पहचान को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं योजनाओं का लाभ समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने, सामाजिक एकता बनाए रखने तथा जो लोग अलग हो गए हैं उनसे भी समाज और अपनी मूल परंपराओं से पुनः जुड़ने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

# सांसद ने सरल ऐप का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा ब्लॉक स्थित कामानार के मितानिन सभागार में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने कार्यकर्ताओं को सरल ऐप पर डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण दिया और संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से पार्टी के कार्यों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। सरल ऐप का उपयोग कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, बैठकों, अभियानों और रिपोर्टिंग जैसी गतिविधियों के डिजिटल प्रबंधन के लिए किया जाता है। सांसद ने बैठक में कहा कि बदलते समय के साथ संगठन को तकनीक के अनुरूप कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरल ऐप का नियमित उपयोग करने और डिजिटल माध्यम से संगठन की गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सरल ऐप पर लॉगिन करने, प्रोफाइल अपडेट करने, कार्यक्रमों की रिपोर्ट अपलोड करने और डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल का उपयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ स्तर की गतिविधियों और सदस्यता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई जिसमें कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी लखीधर बघेल, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, जिला सदस्य सम्पति नाग सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने किया ग्रामीण बैंक का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा ने ग्रामीण बैंक में लगातार मिल रही अनियमितताओं और उपभोक्ताओं की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए बैंक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक में भारी गड़बड़ियां उजागर हुईं, जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शाखा प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था सुधारने के आदेश जारी किए।
निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतें, बैंक में खातों के संचालन, केवाईसी अपडेट करने और समय पर लेन-देन न होने को लेकर उपभोक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर कर्मचारियों के नदारद मिलने या आमजन के कार्यों में हीला-हवाली करने की बात सामने आई है।
मौके पर मौजूद बैंक प्रबंधक को फटकार लगाते हुए एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि बैंकिंग सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं के काम तय समय पर पूरे होने चाहिए। दूर दराज से आये खाताधारियों को घंटो इंतजार करना पड़ता है जिससे सही समय पर उन्हें पैसे नहीं मिल पाता है।

### बिना अनुमति अवकाश और मुख्यालय छोड़ने पर रोक

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को देखते हुए जिला प्रशासन बीजापुर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर बीजापुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 13 से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही, किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में बुलाए जाने पर उन्हें कार्यालयीन समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहना होगा।



# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार विगत दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनन्त दीप तिर्की ने जिला जेल दंतेवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने

■ बंदियों की समस्याएं सुनीं और विधिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जेल परिसर, बैरकों तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।
प्रधान जिला न्यायाधीश ने बैरकों, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनका जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल में निरुद्ध बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। बंदियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों एवं समस्याओं का मौके पर ही यथासंभव निराकरण किया गया तथा उन्हें उपलब्ध विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल नियमावली के अनुरूप सभी बंदियों को विधिक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे अपने अधिवक्ताओं से नियमित रूप से मिलकर प्रभावी पैरवी कर सकें।
साथ ही सभी बंदियों को निर्धारित पेशी तिथियों पर संबंधित न्यायालय में समय पर प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जेल में संचालित साक्षरता कार्यक्रम की सराहना करते हुए निरक्षर बंदियों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# धरमपुरा में संचालित होगा ग्रामीण बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय अब नए स्थान पर नवीनीकृत भवन में संचालित होगा। शहर के धरमपुरा पीजी कॉलेज के सामने स्थित नवीन परिसर का उद्घाटन मंगलवार को बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने किया। उद्घाटन के उपरांत

■ ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प पर बल

अध्यक्ष ने नवनिर्मित भवन का विस्तृत निरीक्षण कर कार्यालय, स्वीकृत सुविधाओं और ग्राहकों के लिए किए गए संसाधनों का जायजा लिया। समारोह में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिनमें क्षेत्रीय प्रबंधक, जगदलपुर मोहित सिंघल, वरिष्ठ प्रबंधक (परिचालन) वेदप्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (अग्रिम) नंदलाल यादव तथा क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रबंधक, सेवानिवृत्त कर्मचारी, तथा अनेक स्थानीय ग्राहक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों ने बैंक के प्रयासों की प्रशंसा की और नये परिसर के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प पर बल दिया। ग्राहकों के लिए अलग काउंटर व प्रतीक्षा क्षेत्र, जिससे समय पर और सुव्यवस्थित सेवा संभव होगी। यहां समेकित कार्यालय कक्ष और बैठक-हॉल का प्रावधान भी रखा गया है, जो कि प्रशिक्षण और क्षेत्रीय बैठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। यहां स्थापित डिजिटलीकृत सेवाएँ, पहुंच और पार्किंग सुविधाएँ ग्राहकों-कर्मचारियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी।

### कर्मचारियों को किया प्रेरित

मुख्य अतिथि ने कहा कि बेहतर भौतिक संरचना और डिजिटल संसाधनों के संयोजन से क्षेत्रीय कार्यालय की गतिविधियों में तेजी आएगी जिसका ग्राहकों को भी लाभ होगा। उत्कृष्ट ग्राहक सेवा बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नए भवन के अनुकूल सेवाओं के विस्तार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, मोबाइल बैंकिंग जागरूकता शिविर और स्थानीय शाखाओं के साथ समन्वय बढ़ाने के कदम शीघ्र आयोजित किए जाएंगे।

# सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक सिन्हा का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देने वाली शासकीय माध्यमिक शाला कलारपारा, मैलावाड़ा की प्रधान अध्यापक राज लक्ष्मी सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर

■ कर्तव्यनिष्ठ सेवा को सम्मानपूर्ण विदाई : कलेक्टर

कलेक्टोरेट में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार धुरव ने राज लक्ष्मी सिन्हा को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं तथा उनकी वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवाएं सदैव प्रेरणादायी रहेंगी। प्रशासन की संवेदनशील एवं कर्मचारी हितैषी पहल के तहत कलेक्टर ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर ही राज लक्ष्मी सिन्हा को पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ.) भी प्रदान किया, ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन संबंधी प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनके नवीन जीवन की शुरुआत सहज एवं सम्मानजनक ढंग से हो सके।
इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज लक्ष्मी सिन्हा के दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भदौरिया, एबीईओ मनोज कुमार सिंह राठौर, अकाउंटेंट जितेंद्र पाण्डे उपस्थित थे।

# आश्रम व छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश व चयन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक में संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश एवं चयन को लेकर जनपद पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चित्रकोट विधायक विनायक गोयल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र छात्र-छात्राओं के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। जनप्रतिनिधियों ने निर्देश दिए कि आश्रम एवं छात्रावासों में प्रवेश देते समय ब्लॉक के स्थानीय बच्चों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं आवासीय सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर तोकापाल एसडीएम शंकर लाल



सिन्हा, सीईओ तोकापाल नीलू तिर्की, बीईओ. अजय शर्मा, जनपद सदस्य पद्मनी कश्यप अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता के साथ चयन किया गया। मण्डल सयोजक गिरधर कश्यप ने कार्यक्रम का आयोजन किया। एक जुलाई से बच्चों को आश्रम एवं छात्रावास में आने हेतु स्वागत किया गया। सहयोगी के रूप में संतोष कोर्राम, किशोर टेकाम, सुबोध तिग्गा, जयराम मौर्य, लम्बोधर, प्ररऊ कश्यप, संगीता, शान्ति, मंजू ने छात्र -छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में जवांगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही नए कानून संहिता पर विशेष कैंप लगाकर छात्रों को जानकारी दी गई।
सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जून से अक्टूबर 2026 तक विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जून के प्रथम सप्ताह से चतुर्थ सप्ताह तक स्कूल में न्याय संहिता कैंप का आयोजन किया गया। थाना अनुभाग स्तर पर कक्षा 8वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को नए कानून संहिता के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों को नए कानूनों की बारीकियों के साथ-साथ




साइबर जागरूकता पर भी अलग से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियां और ओटीपी शेयर करने के खतरों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सवाल-जवाब किए। पुलिस ने क्लास के माध्यम से बच्चों को नए कानूनों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि नए कानून और साइबर अपराधों की जानकारी से वे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेंगे। छात्रों ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक अमित बेरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम में एसआई राम कुमार श्याम, सहायक उप निरीक्षक अनिल धुर्वे, महिला प्रधान आरक्षक ललिता ध्रुव, प्रधान आरक्षक नथलू कवासी, दुखुराम पद्माकर, आरक्षक राजमान नाग, महिला आरक्षक लक्ष्मी कश्यप एवं रेशमी कँवर उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...

अपनी श्रेष्ठ सेवाओं द्वारा जनमानस के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए हम सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद करते हैं



अशोका डेंटल केयर

मल्टीस्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक



सुविधायें-

- कम्प्युटराइज्ड एक्स-रे
- कृत्रिम दंत रोपण (इम्पलांट)
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े मेढ़े दाँतों का इलाज
- दाँत की नसों का इलाज
- दाँत के रंग की फिलिंग
- फिक्स दाँत
- अत्याधुनिक मशीन से दाँतों की सफाई
- सम्पूर्ण नयी बत्तीसी बनाना
- स्माईल डिजाईनिंग

Happy Doctor's Day 2026

मसूढ़ों की समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज विशेषज्ञ द्वारा

डॉ. विकास दीवान

बी.डी.एस., एम.डी.एस. (पेरियोडॉन्टिस एवं इम्पलांटोलोजिस्ट)

Reg. No. CGDC/PG/21/629

Call: 62656-56120

डॉ. अनुरूप साहू क्लीनिक के पास, प्रतापगंज पारा, जगदलपुर (छ.ग.)



THANK YOU, DOCTORS

For Your dedication, compassion and commitment to saving lives.

You don't just treat diseases, you heal hearts and create hope.

1st JULY 2026

HAPPY DOCTOR'S DAY



Behind every healthy community, there is a doctor who cared.


Today, we celebrate you.

Thank you for being the strength of our healthcare.

MPM HOSPITAL, JAGDALPUR

JAGDALPUR (C.G.) 494001



Happy Doctor's Day 2026
"National Doctors' Day is more than a celebration; it's a day when we truly see you and the divine spark that undergirds your dedication to medicine."
ANANDA DIAGNOSTICS
Advanced Imaging.
Accurate Diagnosis.
Better Care.
State-of-the-art technology and compassionate care you can trust.
CT SCAN
SONOGRAPHY (4D/3D)
DIGITAL X-RAY
PATHOLOGY LAB
Trusted Care, Advanced Technology
Book Your Appointment +91 97057 49000
Shubham Complex, (In front of District Court, Jagdalpur Chhattisgarh)
Follow Us @ananda.diagnostics



दीप श्री सोनोग्राफी सेन्टर
की ओर से समस्त चिकित्सकों को
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई..शुभकामनाएँ
ULTRASOUND CLINIC
सोमवार से शनिवार
दोपहर 01:00 बजे से 04:00 बजे तक
यहां पर भ्रूण का लिंग (लड़का/लड़की) परीक्षण नहीं किया जाता है
प्रतापगंजपारा, जगदलपुर
मोबा.- 9425265194


MAA DANTESHWARI TRAUMA & CRITICAL CARE HOSPITAL
उपलब्ध सुविधाएं
SERVICES AVAILABLE
Happy Doctor's Day
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
डॉ. एन सिन्हा
50 वर्षों के अनुभव के साथ
सीनियर पूर्व कन्सल्टेन्ट एमपीएम हॉस्पिटल जगदलपुर
पूर्व कन्सल्टेन्ट श्री मेडिसाईन हॉस्पिटल रायपुर
परामर्श समय: प्रात: 11 बजे से 01 बजे तक
मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. जे.आर. कश्यप
जनरल फिजिशियन
पूर्व कन्सल्टेन्ट Officer in NSL
BP, Sugar, ECG की नि:शुल्क जाँच
परामर्श समय: प्रात: 11 बजे से 04 बजे तक
हमारे विभाग
विशेषताएं आपातकालीन
24x7 सुविधा
ICU की सुविधा
वेंटिलेटर की सुविधा
X-Ray की सुविधा
फार्मेसी
मॉड्लर ऑर्थो एवं संपारी 07
Joint Replecement की सुविधा
आर्ट ऑफ ट्रामा
हड्डी रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोग विभाग
प्लास्टिक सर्जरी
मेडिसिन विभाग
पिडियाट्रिक विभाग
डेंटल सर्जरी विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसुति विभाग
एनेस्थिसिया एवं क्रिटिकल केयर
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें- 9244347320
माँ दंतेश्वरी ट्रॉमा एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
बिनाका मॉल के पास, रिलायंस मार्ट के सामने चित्रकोट रोड, जगदलपुर (बस्तर)छ.ग.


CENTERVISION
गायत्री मंदिर के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन
कम्प्यूटराइज्ड, चश्में की जांच
काला पानी का ऑपरेशन
कॉन्टेक्ट लैंस
मोतियाबिंद का ऑपरेशन
Happy Doctor's Day 2026
डॉ. सरिता मनोज थामस
MBBS, DOMS, PHACO SURGEON


अपने बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करवाएं
स्वस्थ भारत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे समस्त चिकित्सक समुदाय को
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत-
बस्तर जिले के समस्त चिकित्सक


Not All Super Heroes
Wear Capes,
Some Walk Around With The
Stethoscope
Too!
Happy
Doctor's Day
to all the doctors who always put their patients first
and do their best to gift health to their patients.
डॉ. संजय बसाक
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बस्तर


स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए समर्पित
चिकित्सा क्षेत्र को अपने प्रयासों से समृद्ध
करने वाले चिकित्सकों को
राष्ट्रीय
चिकित्सक
दिवस
की शुभकामनाएँ
विनीत
एक शुभचिंतक, स्वास्थ्य विभाग
National
DOCTORS DAY
Thank you for your service to humanity!


बस्तर के जननायक
बस्तर विधानसभा के विधायक
मान. लखेश्वर बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बस्तर जन जागरण नवयुवक मण्डल बकावण्ड
भूमिपूजन, उद्घाटन
एवं सम्मान समारोह
दिनांक- 1 जुलाई 2026, बुधवार, प्रातः 11 बजे से
स्थानः माता हिंगलाजिन विद्यापीठ परिसर, ब्लॉक कॉलोनी
बकावण्ड, जिला बस्तर
संस्था के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में
मुख्य अतिथि
श्रीमती फूलोदेवी नेताम जी
(माननीय राज्यसभा सांसद, छ.ग.)
श्री लखेश्वर बघेल जी
(माननीय विधायक बस्तर)
विनीत-
अध्यक्ष, बस्तर जन जागरण नवयुवक मण्डल, बकावण्ड
जगमोहन बघेल
जनपद सदस्य, बकावंड
सभापति सहकारिता समिति


बस्तर के जननायक
जनप्रिय, सहज, सरल व जुझारू कर्मठ नेता
बस्तर विधानसभा के विधायक
मान. लखेश्वर बघेल
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष
मान. चरणदास महंत
के बस्तर आगमन पर
स्वागत...हार्दिक अभिनंदन
विनीत
बस्तर विधानसभा
के समस्त कांग्रेसजन

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

# ओम हॉस्पिटल

## जगदलपुर

NABH CERTIFIED

• उन्नत सुविधाएं • अनुभवी डॉक्टर • सस्ती व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

हाता ग्राउंड के सामने, जगदलपुर (बस्तर) संपर्क - 8435908123, 8982273726



गंभीर मरीजों का इलाज की सुविधा
NICU की सुविधा,
जले मरीजों का इलाज की सुविधा

आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड से इलाज की सुविधा उपलब्ध

BSKY(उड़ीसा) से निःशुल्क इलाज की सुविधा

(CSEB) से मान्यता प्राप्त इश्योरेंस एवं टी.पी.ए. की कैश लेस सुविधा उपलब्ध

स्वस्थ बस्तर हमारा संकल्प

## आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

### उपलब्ध विभाग

- चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी
- कटे फटे होट एवं तालु का निःशुल्क सर्जरी
- एडवांस ट्रामा सेन्टर / हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
- सर की चोट एवं हड्डियों का फ्रैक्चर
- पेट एवं लिवर रोग विभाग
- जनरल सर्जरी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- अत्याधुनिक आपातकालीन वार्ड
- मेडिसिन विभाग एवं आपातकालीन चिकित्सा
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- कैंसर रोग विभाग
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नशामुक्ती एवं मानसिक रोग का ईलाज

### उपलब्ध सुविधाएँ

- फुली मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- एडवांस पैथालॉजी यूनिट
- सोनोग्राफी, ईको, ई.सी.जी.
- 15 बेड गहन चिकित्सा वार्ड
- 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
- इन हाऊस कैन्टीन
- 24 घंटे पावर बैकअप
- इन हाउस मेडिकल स्टोर्स

हमारे- अन्य ब्रांच

**ओम हॉस्पिटल**
एच. पी. पेट्रोल पम्प के पास महादेवघाट, रायपुर (छ.ग.)
संपर्क - 83700-08551

**ओम हॉस्पिटल**
स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, नेशनल हाइवे, सरायपाली (छ.ग.)
संपर्क- 8370008558

**ओम हॉस्पिटल**
खरोरा रोड, बहेसर (तिल्दा)
संपर्क- 7000374946, 9302734809